NCERT Solutions for Class 2 Hindi Rimjhim Chapter 8 तितली और कली

कविता का सारांश

'तितली और कली' शीर्षक कविता की कवयित्री शोभा देवी मिश्र हैं। इस कविता में कवयित्री कहती हैं कि पौधे की हरी डाल पर एक नन्ही सुंदर-सी कली लगी हुई थी। एक तितली ने उस कली के पास आकर कहा कि-तुम बड़ी सुंदर लग रही हो। अब तुम जागो, अपनी आँखें खोलो और हमारे संग खेलो। अपनी सुगंध गली-गली में फैलाओ। खेलने की बात सुनकर कली छिटककर खिल उठी। कली को खिलता देख कर तितली उसे छूने के लिए चल पड़ी।

काव्यांशों की व्याख्या

1. हरी डाल पर लगी हुई थी,
नन्ही सुंदर एक कली।
तितली उससे आकर बोली,
तुम लगती हो बड़ी भली।

अब जागो तुम आँखें खोलो,
और हमारे सँग खेलो।
फैले सुंदर महक तुम्हारी,
महके सारी गली गली।

शब्दार्थ: डाल-पेड़-पौधों की शाखा। नन्ही-छोटी। भली-अच्छी। महक-सुगंध।

प्रसंग – प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी पाठ्यपुस्तक 'रिमझिम' भाग-2 में संकलित कविता 'तितली और कली' से ली गई हैं। इसमें कवयित्री शोभा देवी मिश्र ने एक तितली तथा एक कली के बीच संवाद का चित्रण किया है।

व्याख्या – एक पौधे की हरी डाल पर एक छोटी-सी सुंदर कली थी। एक तितली उसके पास आकर बोली कि वह बहुत ही सुंदर लग रही है। तितली कली से बोली कि-अब तुम जागो तथा अपनी आँखें खोलो और अपनी सुगंध को गली-गली में पहुँचाओ।

2. कली छिटककर खिली रँगीली,
तुरंत खेल की सुनकर बात।

साथ हवा के लगी भागने,
तितली छूने उसे चली।

शब्दार्थ: छिटकना – खिलकर, मुँह खोलकर, रँगीली-सुंदर रंगों से भरी।
प्रसंग – पूर्ववत।
व्याख्या – खेल की बात सुनते ही कली फैलकर खिल उठी। यह देखकर तितली कली को छूने चल पड़ी।

प्रश्न-अभ्यास

कविता से।

प्रश्न 1
तितली कली के पास क्यों गई थी?
उत्तर:
तितली कली के पास उसकी सुंदरता का बखान करने गई थी।

प्रश्न 2
तितली और कली ने क्या खेल खेला?
उत्तर:
कली छिटककर खिल गई और तितली उसे छूने के लिए चल पड़ी।

प्रश्न 3
तितली के क्या कहने पर कली खुश हो गई?
उत्तर:
तितली द्वारा खेलने की बात सुनकर कली खुश हो गई।

अंदाज़ा लगाओ

प्रश्न 4
तितली कली के पास कब गई होगी?
उत्तर:
-सुबह [√] दोपहर [ ] शाम [ ]

edugross.com

प्रश्न 5

तुमने समय का अंदाज़ा कैसे लगाया?

उत्तर:

जब तितली कली के पास गई, तो वह उसे जागने तथा आँखें खोलने के लिए कह रही थी। इससे पता चलता है कि यह सुबह का समय रहा होगा।

दो-दो बार

गली-गली का मतलब है सारी गलियाँ।
कली-कली का मतलब है सारी कलियाँ।

अब नीचे लिखे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए वाक्य बनाओः

घड़ी – घड़ी	जगह – जगह
घर – घर	डाल – डाल

उत्तर:

घड़ी – घड़ी – मैं ट्रेन का घड़ी-घड़ी इंतजार कर रहा था।

जगह – जगह – शहर में जगह-जगह कूड़े-करकट का अंबार लगा था।

घर – घर – दीपावली के समय घर-घर में दीप जलाए जाते हैं।

डाल – डाल – उस पेड़ की डाल-डाल पर चिड़ियों का बसेरा है।

मिलते – जुलते शब्द

प्रश्न 6

कविता में से वे शब्द ढूँढ़ो जो सुनने में कली जैसे लगते हैं। जैसे-कली, भली।

(i) नीचे दिए गए शब्दों जैसे कुछ शब्द अपने मन से जोड़ो।

उत्तर:

"बोलो"	"तितली"	"डाल"
"खोलो"	"मितली"	"थाल"
"घोलो"	"सुतली"	"जाल"

महके सारी गली-गली

edugross.com

प्रश्न 7

महक तुम्हें अच्छी भी लग सकती है और बुरी भी।

उत्तर:

अच्छी लगने वाली महक को कहेंगे सुगंध

बुरी लगने वाली महक को कहेंगे दुर्गंध

प्रश्न 8

ऐसी चीज़ों के नाम लिखो जिनकी महक तुम्हें पसंद है और जिनकी पंसद नहीं है।

उत्तर:

जिनकी महक पसंद है	जिनकी महक पसंद नहीं है
फूल	कूड़ा-कचरा
इत्र	पसीना
पाउडर	गोबर
चंदन	मिट्टी का तेल

प्रश्न 9

तुम्हारे आस-पास ऐसे कौन-कौन-से फूल हैं जिनकी बहुत तेज़ महक है?

(i) फूलों के नाम अपनी भाषा में लिखो।

उत्तर:

गुलाब, हरसिंगार, गुलदाउदी, बेला, चमेली, इत्यादि।

(ii) तुम्हारे घर में किस-किस तरह की महक आती है? (जैसे-साबुन या तेल की महक गुसलखाने से)

उत्तर:

हमारे घर में बाहर के लॉन से सुगंधित फूलों की महक आती है।

तुम्हारी बात।

प्रश्न 10

खेलने के लिए कली तुरंत जाग गई थी? तुम किस काम के लिए तुरंत जाग जाओगी और किस काम के लिए जागना पसंद नहीं करोगी? क्यों?

edugross.com

उत्तर:

जाग जाएँगे	जागना पसंद नहीं करेंगे
विद्यालय जाने के लिए।	होमवर्क करने के लिए।
खेलने जाने के लिए।	बाज़ार जाने के लिए।
पार्क की सैर करने के लिए।	ठंडे पानी से नहाने के लिए।
कॉर्टून फ़िल्म देखने के लिए।	दोस्तों के घर जाने के लिए।

रंग-बिरंगी

हरी डाल पर लगी हुई थी
नन्ही सुंदर एक कली

प्रश्न 11

कविता में पौधे की डाल हरे रंग की बताई गई है। नीचे लिखी चीजें किन-किन रंगों की हो सकती हैं?

उत्तर:

गुलाबी	तितली	पीली	सूरजमुखी
बैंगनी	बैंगन	पीले	लड्डू
काली	पेंसिल	सफ़ेद	प्याला
लाल	कुर्ता	हरा	साग
संतरी	संतरा	काली	मिट्टी

edugross.com